दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### अंशकालीन सफाई कर्मी भर्ती हेतु 30 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना रायगढ़ के कार्यालय में सफाई कार्य हेतु एक सफाई कर्मी अंशकालीन पद की भर्ती की जानी है। इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा के साथ 30 नवम्बर 2022 तक कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है।

### जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक का उद्घाटन समारोह आज

**रायगढ़।** जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक 2022 का आयोजन विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया के मुख्य आतिथ्य में 23 से 25 नवम्बर 2022 तक रायगढ़ स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम में रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक अध्यक्षता करेंगे एवं लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर जानकी काटजू, सभापति नगर निगम जयंत ठेठवार एवं सब्यसाची बन्दोपाध्याय कार्यपालन निर्देशक जेएसपी विशिष्ट अतिथि होंगे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ां ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक 2022 का उदघाटन समारोह प्रात: 10 बजे से होगा। इसमें रस्साकसी, पिट्ठल, संकली, गिल्ली डंडा, बांटी, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खोखो, भौंरा, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, लंबी कूद एवं 100 मीटर दौड़ को शामिल किया गया है। जिसमें 18 वर्ष से कम बालक बालिका, 18 वर्ष से 40 वर्ष महिला, पुरूष एवं 40 वर्ष से अधिक महिला पुरूष भाग लेंगे।

### संपत्ति बंटवारा पर युवक से मारपीट

**रायपुर (आरएनएस)।** मातारानी चौक गुढिय़ारी में पैतृक संपत्ति बंटवारा को लेकर तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढिय़ारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मातारानी चौक गुढिय़ारी निवासी प्रार्थी विरेन्द्र यादव 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि पैतृक संपत्ति बंटवारा की विवाद पर आरोपी अजय यादव, सुनील व सुंदर यादव ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढिय़ारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** धमतरी गेट पुलिस लाइन के पास अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे अधेड़ को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पुरूषोत्तम मसुरकर 65 वर्ष सिद्धार्थ चौक टिकरापारा का रहने वाला था। वह पैदल अपने घर जा रहा था, तभी धमतरी गेट के पास पुलिस लाइन में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए डीकेएस अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### डीजे में नाचने के दौरान युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर (आरएनएस)।** कृषि उपज मंडी पार्किंग में डीजे में नाचने के दौरान अज्ञात व्यक्ति ने एक युवक के जांघ पर चाकू से हमला कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली नकारी के अनुसार ग्राम मेघला निवासी श्यामु घोनो तिक्का 32 वर्ष अपने मौसी के घर शादी कार्यक्रम में आया था। जहां शादी स्थल पर डीजे बज रहा था। तभी अज्ञात व्यक्ति ने भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी के जांघ पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 324 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज बरमकेला के जनपद एवं तहसील कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

- बरमकेला के सहजपाली गाँव के गौठान के कार्यों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरमकेला में स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा
- विक्रमपाली-सहजपाली सड़क मार्ग के डामरीकरण कार्य का किया निरीक्षण
- रेशम कोसा बीज केन्द्र, बरमकेला कार्यालय पहुंचकर जिले में एक सिल्क एंपोरियम बनाने की योजना पर काम करने के लिए बरमकेला सीईओ को दिए निर्देश

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने आज बरमकेला नगर पंचायत के तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। मौके पर तहसील के अनुपस्थित स्टॉफ पर नाराजगी जताते हुए एसडीएम को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। इसके अलावा तहसील कार्यालय के अनेक कमरों का निरीक्षण कर जर्जर स्थिति को ठीक कराने के निर्देश दिए एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। कलेक्टर ने खसरा, बी-1 एवं रिकॉर्ड की स्थिति, कुल राजस्व हल्के, पटवारियों की संख्या एवं नियमित पटवारी बैठक के बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात् जनपद कार्यालय में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने यहाँ भी साफ.-सफाई पर विशेष ध्यान देते



हुए कहा कि आपके अपने दफ्तर की साफ -सफाई ही आपके बेहतर काम करने के लिए एक सकारात्मक माहौल तैयार करती है, सभी इस पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेते हुए लंबित मामलों में तेजी लाने के लिए कहा, साथ ही जनदर्शन के आवेदनों पर त्वरित निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण के दौरान सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा, बरमकेला सीईओ नीलाराम पटेल, तहसीलदार सिध्दांत अनंत और संबंधित विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने आज ग्राम सहजपाली के गौठान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने समय पर गोबर खरीदी के बारे में पूछा एवं वर्मी टांके का जायजा लिया, साथ ही गौठान समिति के सदस्य से वर्मी खाद बनने की मात्रा के बारे में जानकारी ली। उपरोक्त गौठान में वर्मी खाद का निर्माण अच्छी मात्रा में होना पाया गया, साथ ही खाद की पैकिंग भी की जा रही थी। इसके पश्चात् कलेक्टर ने गौठान समिति द्वारा उगाए जा रही सब्जियों की खेती के बारे में जायजा लिया। गौठान में पत्तगोभी, टमाटर, भिंडी की सुव्यस्थित तरीके से हो रही खेती देखकर कलेक्टर ने गौठान के सदस्यों की प्रशंसा की और इसे आगे भी जारी रखने को कहा, उन्होंने कहा कि आप ऐसे ही अपना काम करते रहे तो आपका यह गौठान निश्चय ही जिले के आदर्श गौठान के रूप में अपनी पहचान बना सकता है। इसके पश्चात् कलेक्टर ने समूह की महिलाओं से चर्चा की, गौठान समिति के सदस्य ने बताया कि उनका गाँव आर्थिक रूप से बहुत ही पिछड़ा है, लेकिन यहाँ की महिलाएं काम करने के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं, उनकी दैनिक आजीविका बहुत ही कम है, वे यहाँ गौठान में मन लगाकर अपना काम करती हैं इसलिए गौठान में सभी चीजें सुचारू रूप से समय पर होती रहती हैं। समूह की महिलाओं को कलेक्टर ने सुझाव दिया कि वे गौठान प्रबंधन के निर्देशन में ब्रेड टोस्ट नमकीन बनाने पर ध्यान दें ताकि इससे उनको अच्छा लाभ मिले। समूह की महिलाओं ने आज गौठान समिति के प्रबंधक से गुजारिश कर अवकाश ले रखा था, अवकाश का कारण यह था कि उन्हें कलेक्टर से मिलने की इच्छा थी, उन्होंने बताया कि वे जानना चाहती हैं कि कलेक्टर का जीवन कैसा होता हैए उनसे बात करना चाहती हैं, ताकि उन्हें कुछ जानने सीखने को मिले। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने उनकी माँग अनुसार उनसे मिलकर उनकी बातें सुनी, उनसे बात कर उन्हें गौठान के माध्यम से आगे किए जाने वाले कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा और आगे भविष्य में निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## हाथियों का उत्पात जारी: घर घुसकर सामानों को किया नुकसान, अनाज को किया चट

**कोरबा (आरएनएस)।** वनमंडल कटघोरा के पसान रेंज में हाथियों का आतंक लगातार जारी है। यहां के जल्के सर्किल में घूम रहे 43 हाथियों के दल ने बीती रात फिर ग्राम पंचायत जल्के के आश्रित ग्राम नवामुड़ा में पहुंचकर भारी कहर ढहाया। इस दौरान हाथियों ने बस्ती में प्रवेश कर धन सिंह पिता हंसराम गोंड़ व धूप सिंह पिता बीर सिंह नामग ग्रामीण के घर को बुरी तरह ढहा दिया। इतना ही नहीं वहां रखे पलंगए ड्रेसिंग टेबल सहित अन्य घरेलू सामानों को तोडऩे के साथ ही चावल व दाल को चट कर दिया। हाथियों के बस्ती में घुसने तथा उत्पात मचाए जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला प्रभारी रेंजर धर्मेन्द्र चौहान के निर्देश पर मौके पर पहुंचा और हाथियों को खदेडऩे की कार्रवाई की। वन अमला द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों ने



जंगल का रूख किया तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार जल्के सर्किल के जंगल में विश्राम कर रहे 43 हाथियों का दल शाम होते ही सक्रिय हुआ और जंगल से निकलकर 6 बजे के आसपास रिहायशी इलाके की ओर आने लगा। 3.4 घंटे तक नवामुड़ा गांव की सरहद पर मंडराने के बाद आधी रात को बस्ती में प्रवेश किया और वहां ग्रामीणों के बाड़ी में लगे सब्जी के फसलों को सफाचट करने के बाद धन सिंह पिता हंसराम गोंड़ के मकान को तोडऩे के साथ ही भीतर प्रवेश किया और वहां रखे पलंगेए ड्रेसिंग टेबलए पंखे सहित अन्य घरेलू सामानों को तोड़ दिया। इतना ही नहीं चावलए दाल को भी चट कर दिया। धन सिंह के मकान में तोडफ़ोड़ करने के बाद हाथी धूप सिंह के घर को ढहाने के साथ ही वहां भी काफी उत्पात मचाया। उत्पात मचाने के बाद हाथी खेतों में पहुंच गए। इस दौरान हाथियों ने 15.20 किसानों की फसल को बुरी तरह रौंद डाला। हाथियों के नवामुड़ा गांव में पहुंचने तथा उत्पात मचाए जाने की सूचना ग्रामीणों द्वारा रात में दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से उत्पाती हाथियों को खदेडऩे की कार्रवाई शुरू की। काफी मशक्कत के बाद हाथियों ने जंगल का रूख किया। वन अमला रात भर डटा रहा और सुबह होने का इंतजार करता रहा। आज सुबह होने पर वन अमले ने हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का सर्वे करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में विचरण करने तथा उत्पात मचाए जाने से ग्रामीण काफी भयभीत हैं। इधर कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में घूम रहे हाथियों ने बीती रात कोसाबाड़ी में पहुंचकर भारी नुकसान पहुंचाया। करतला के कोसाबाड़ी व आसपास के क्षेत्रों में उत्पात मचाने के बाद हाथियों का दल जंगल चला गया। आज सुबह जानकारी मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। प्रारंभिक तौर पर हाथियों के ताजा हमले में हजारों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

## ट्रेलर से भिड़ी बाइक, चालक की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा-चांपा मार्ग पर पिछली रात बाइक सवार सडक़ किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम देवी पटेल है, जो ग्राम हरदा का निवासी है। मृतक किसी काम से तरदा चैक की तरफ गया था जहां से वापसी के दौरान हादसा हो गया। मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। उरगा थानांतर्गत बीती रात तरदा मुख्य मार्ग के पास उस वक्त अफरा.तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब सडक़ किनारे खड़े ट्रेलर से टकराने के कारण बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।

मृतक देवी पटेल ग्राम हरदा का निवासी था,जो किसी काम से तरदा चैक की तरफ आया था। घर वापसी के दौरान यह हादस हुआ जिसके बाद लोगों की भीड़ मौके पर जट गई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिती को अपने नियंत्रण में लिया। हादसे के कारण किसी तरह का प्रदर्शन न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए दवी पटेल की लाश को पुलिस तत्काल अस्पताल के लिए रवाना करवा दिया। लोगों का कहना हैएकि मार्ग पर स्ट्रीट लाईट का न होना और हमेशा मवेशियों का जमावड़ा लगने से हादसे होते रहते हैं लिहाजा प्रशासन को व्यवस्था बनाने की दिशा में जरुरी कदम उठाने की जरुरत है। पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में ले लिया है। वाहन हरिओम कंपनी का बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए हुआ शिविर का आयोजन

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में जिले में जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा के तत्वाधान में जिले के अलग-अलग तहसीलों में शिविर का आयोजन किया गया। सारंगढ़ तहसील में 15 नवंबर से 23 नवंबर तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सारंगढ़ तहसील में जाति प्रमाण पत्र के 1002 आवेदन आय प्रमाण-पत्र के 332 आवेदन और निवास प्रमाण पत्र के 660 आवेदन प्राप्त हुए। इस तरह सारंगढ़ में 21 नवंबर तक कुल 1994 आवेदन प्राप्त हुए। बरमकेला तहसील में 15 नवंबर से 18 नवंबर तक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जाति प्रमाण पत्र के 220 आवेदन, आय प्रमाण पत्र के 183 आवेदन और निवास प्रमाण पत्र के 158 आवेदन प्राप्त हुए। इस तरह बरमकेला में 18 नवंबर तक कुल 561 आवेदन प्राप्त हुए।

सरिया तहसील में 15 नवंबर से 18 नवंबर तक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जाति प्रमाण पत्र के 192 आवेदन, आय प्रमाण पत्र के 294 आवेदन और निवास प्रमाण पत्र के 167 आवेदन प्राप्त हुए। इस तरह सरिया में 18 नवंबर तक कुल 653 आवेदन प्राप्त हुए। उपरोक्त सभी तहसीलों में मिलाकर आय जाति और निवास प्रमाण पत्र के 3208 आवेदन प्राप्त हुए।

## खोखसीपाली और हिच्छा ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गौठान सदस्यों द्वारा किया गया पैरादान

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में गोवंश के भरण पोषण के लिए पैरादान करने के आव्हान से प्रेरित होकर आज ग्राम पंचायत खोखसीपाली के सरपंच एवं गौठान अध्यक्ष द्वारा पैरादान हेतु किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्राम पंचायत खोखसीपाली के गौठान में नि:शुल्क धान मिसाई के लिए थ्रेसर मशीन की व्यवस्था की गई है, आसपास गांव के किसान धान मिसाई कर पैरा को गौठान में ही दान कर रहे हैं। ठीक इसी तरह ग्राम पंचायत हिच्छा के सरपंच, सचिव एवं गौठान अध्यक्ष द्वारा पैरादान हेतु गांव के किसानों को प्रेरित किया गया तथा अन्य गौठान में हो रहे पैरा दान के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वो प्रोत्साहित होकर अपने ग्राम पंचायत के गौठान के लिये कुछ करने के लिए आगे आकर उनके स्वयं के द्वारा गौठान में पैरा एकत्रित किया जा रहा है, जो कि सराहनीय है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने अपने हाल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रमों में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए पैरादान के फायदे गिनाते हुए किसानों से गौठानों में पैरादान करने



की अपील करते आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने किसानों से यह भी कहा है कि फसल कटाई के बाद पैरा न जलाएं। पैरादान करने से एक बड़ा लाभ यह भी है कि इससे प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी और मवेशियों के लिए उचित मात्रा में चारे की व्यवस्था भी होगी।

## चिटफंड कंपनी गरिमा रियल स्टेट कंपनी के 4 डायरेक्टर गिरफ्तार

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** रकम दोगुना करने का लालच देकर लोगों से ठगी करोड़ों रूपए की ठगी करने वाले चिटफंड कंपनी गरिमा रियल स्टेट कंपनी के 4 डायरेक्टरों को बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले भर से लोगों ने इस चिटफंड कंपनी से 27,61,80,361 रकम वापसी के लिए 9312 आवेदन लगाया है। चारों आरोपी डायरेक्टरों को धौलपुर जेल राजस्थान से न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस चिटफंड कंपनी के 2 आरोपी डायरेक्टरों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

मामले का खुलासा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने बताया कि जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में चिटफंड



कंपनियों के आरोपी डायरेक्टरों के गिरफ्तारी की कार्रवाई लगातार की जा रही है. इसी क्रम में पुलिस टीम ने चिटफंड कंपनी गरिमा रियल स्टेट कंपनी के फरार 4 आरोपी डायरेक्टरों को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत धौलपुर जेल राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। उक्त चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर्स व प्रबंधकों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली एवं सुहेला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है. दोनों थानों मे इस चिटफंड कंपनी के विरुद्ध 215 आवेदन में 2,75,187,27 राशि का एफआईआर दर्ज किया गया है. साथ ही कलेक्टर कार्यालय में पूरे जिले से इस चिटफंड कंपनी से निवेशकों द्वारा कुल 9312 आवेदन में 27,61,80,361 की रकम वापसी के लिए आवेदन किया गया है।

बता दें कि पूर्व में इस चिटफंड कंपनी के 2 आरोपी डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ के तीन जिलों रायपुर, बेमेतरा, जांजगीर चांपा में भी प्रकरण पंजीबद्ध है। इसके अतिरिक्त अन्य राज्य में ग्वालियर (माधप्रदेश), भरतपुर ( राजस्थान), परवानी ( महाराष्ट्र), शोलापुर (महाराष्ट्र) में भी प्रकरण पंजीबद्ध है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# 100 ट्रैक्टर पैरा दान करने वाले सुरगी के किसानों ने पेश की मिसाल : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने सुरगी में भेंट-मुलाकात के मंच से पैरा दान करने वाले किसानों को दी बधाई
- खेती में वर्मी कंपोस्ट का उपयोग करने वाले किसान जैविक खेती के लिए कराएं अपना रजिस्ट्रेशन

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि 100 ट्रैक्टर पैरा दान कर सुरगी के किसानों ने मिसाल प्रस्तुत की है, जो दूसरों के लिए अनुकरणीय है। किसानों द्वारा पैरा दान कर गोधन न्याय योजना में सहभागिता का अच्छा कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव विधानसभा के ग्राम सुरगी में भेंट-मुलाकात के मंच से पैरा दान करने वाले गांव के किसानों को बधाई दी। उन्होंने ग्रामीणों से ताली बजवाकर इन किसानों को प्रोत्साहित किया। इसके पहले सुरगी पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने हरी झण्डी दिखाकर पैरा दान करने वाले किसानों के 100 ट्रैक्टरों को गौठान के लिए रवाना किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्यमंत्री बघेल ने सुरगी में भेंट मुलाकात के दौरान आम जनता से राज्य शासन की योजनाओं की मैदानी स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो किसान अपने खेतों में और बाड़ियों में वर्मी कंपोस्ट का उपयोग कर रहे हैं, वे जैविक खेती के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराएं, इससे उनकी उपज का अच्छा मूल्य मिलेगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से चर्चा के दौरान उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने किसानों की कर्ज माफी की, किसानों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना लेकर आए, महिलाओं का राशन कार्ड बनवाया और भूमिहीन मजदूरों के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना लेकर आए। इस योजना में भूमिहीन मजदूरों सहित चिन्हित लोगों को सालाना सात हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने की अनेक घोषणाएं: सूखा नाला बैराज से आलीखूंटा तक सिंचाई नाली बनेगी

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर क्षेत्र के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। सुरगी में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने, सुरगी हाईस्कूल मैदान के विकास और लाइटिंग, हरदी-सुरगी सडक़ की प्रशासकीय स्वीकृति देते हुए सोमनी-नवागांव सडक़ के जीर्णोद्धार, सूखा नाला बैराज से आलीखूंटा तक सिंचाई सुविधा और नाली निर्माण, तोरणकट्टा के आश्रित गांव मनकी में धान खरीदी केंद्र खोलने, भरेगांव के बूढ़ादेव तालाब में सौंदर्यीकरण और पचरी निर्माण, ग्राम सिंघोला में भानेश्वरी मंदिर जीर्णोद्धार और तालाब सौंदर्यीकरण, रानीतराई में हाईस्कूल में दो अतिरिक्त कक्ष तथा धामनसारा स्कूल में एक अतिरिक्त कक्ष के निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम किसानों को नुकसान नहीं होने देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।